(i) Printed Pages: 4 Roll No. ..............................

(ii) Questions : 9 **Sub. Code : 0 3 0 8**

**Exam. Code : 0 0 0 4**

**B.A./B.Sc. (General) 4th Semester**

**1059**

**HINDI (Elective)**

**(Same for Shastri Semester—IV)**

**Time Allowed : Three Hours] [Maximum Marks : 90**

नोट :— (1) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(2) भाषा शुद्ध एवं स्पष्ट लिखिये।

1. (क) किन्हीं दो पद्यांशों की सप्रसंग व्याख्या करें :

(i) मेरी श्वासें करती रहतीं नित प्रिय का अभिनन्दन रे !
पद-रज को धोने उमड़े आते लोचन में जल-कण रे !
अक्षत पुलकित रोम, मधुर मेरी पीड़ा का चन्दन रे !
स्नेह-भरा जलता है झिलमिल, मेरा यह दीपक-मन रे !

(ii) शब्द, यह सही है, सब व्यर्थ हैं
पर इसीलिए कि शब्दातीत
शायद केवल इतना ही : जो दर्द है
वह बड़ा, मुझी से
सहा नहीं गया।
तभी तो, जो अभी और रहा, वह
कहा नहीं गया।

(iii) जीवन है इतना विराट, इतना व्यापक
उसमें है सबके लिए जगह, सबका महत्व,
ओ मेजों की कोरों पर माथा रख-रखकर रोने वाले
यह दर्द तुम्हारा नहीं सिर्फ, यह सबका है।

(iv) मैं एक शिविर का प्रहरी भोर जगा,
अपने को मौन नदी के खड़ा किनारे पाता हूँ,
मैं, मौन-मुखर, सब छन्दों में,
उस एक अनिर्वच, छन्द-मुक्त को गाता हूँ। 5+5=10

(ख) महादेवी वर्मा की काव्यगत विशेषताओं पर प्रकाश डालें।

अथवा

'टूटा पहिया' कविता का सार अपने शब्दों में लिखें। 8

2. 'दूर और पास' एकांकी में लेखक किन मूल्यों की स्थापना करना चाहता है ? — स्पष्ट करें।

अथवा

'समुद्रगुप्त पराक्रमांक' एकांकी के उद्देश्य पर प्रकाश डालिये। 8

3. द्विवेदीयुगीन कविता की प्रवृत्तियों का उदाहरण सहित उल्लेख कीजिये।

अथवा

प्रयोगवाद का अर्थ स्पष्ट करते हुए इसकी प्रमुख विशेषताएं बताइये। 10

4. एकांकी के तत्वों पर प्रकाश डालिये।

अथवा

एकांकी की परिभाषा देते हुए इसके स्वरूप को निर्धारित कीजिये। 10

5. किन्हीं **पांच** टिप्पणियों के हिन्दी रूप लिखिये :

(i) Approved as proposed.

(ii) Call for report.

(iii) Delay should be avoided.

(iv) For comments please.

(v) Needful has been done.

(vi) Issue a circular.

(vii) I have no remarks to offer.

(viii) Forwarded and recommended. 10

6. निम्न गद्यांश का सार लिखते हुए उचित शीर्षक दीजिये :

शिक्षा मनुष्य को मस्तिष्क और शरीर का उचित प्रयोग करना सिखाती है। वह शिक्षा, जो मनुष्य को पाठ्य-पुस्तकों के ज्ञान के अतिरिक्त कुछ गंभीर चिन्तन न दे, व्यर्थ है। यदि हमारी शिक्षा सुसंस्कृत, सभ्य, सच्चरित्र एवं अच्छे नागरिक नहीं बना सकती तो उससे क्या लाभ ? सहृदय, सच्चरित्र परन्तु अनपढ़ मजदूर उस स्नातक से कहीं अच्छा है जो निर्दय और चरित्रहीन है। संसार के सभी वैभव तथा सुख-साधन भी मनुष्य को तब तक सुखी नहीं बनाते जब तक मनुष्य को आत्मिक ज्ञान न हो। हमारे कुछ अधिकार और उत्तरदायित्व भी हैं। शिक्षित व्यक्ति को उत्तरदायित्वों का भी उतना ही ध्यान रखना चाहिए जितना कि अधिकारों का। 8

7. सचिव, कृषि मंत्रालय, पंजाब सरकार की ओर से उपायुक्त जिला लुधियाना के नाम एक पत्र लिखिये, जिसमें सूखे की स्थिति से निपटने के बारे में सुझाव दिये गये हों।

**अथवा**

भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त की ओर से मुख्य सचिव पंजाब सरकार को एक पत्र लिखें जिसमें राज्य में आगामी लोकसभा चुनाव निष्पक्ष करवाने हेतु सरकारी मशीनरी के दुरूपयोग पर अंकुश लगाने का आदेश हो। 8

8. किसी **एक** विषय को विस्तार दीजिये :

(i) गुरु गोविन्द दोनों खड़े, काके लागूं पांय।

(ii) मनुष्य अपने भाग्य का निर्माता स्वयं है।

(iii) भाषण नहीं, राशन चाहिए। 8

9. किन्हीं **दस** वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दीजिये :

(i) 'नीहार' किस छायावादी कवयित्री की रचना है ?

(ii) 'जो कहा नहीं गया' कविता का प्रतिपाद्य क्या है ?

(iii) कवि 'अज्ञेय' का पूरा नाम लिखिये।

(iv) 'फूल, मोमबत्तियां, टूटे सपने' — का प्रतिकार्थ स्पष्ट करें।

(v) 'कनुप्रिया' कविता किस कवि के किस संग्रह से अवतरित है ?

(vi) 'मैत्री' एकांकी में वर्णित दोनों प्रमुख पात्रों की उम्र क्या है ?

(vii) 'भेड़ तोड़ दी' एकांकी के रचनाकार का नाम लिखिये।

(viii) 'दूर और पास' एकांकी के नायक जगन्नाथ के छोटे भाई का नाम लिखें।

(ix) 'नये मेहमान' एकांकी के दोनों अतिथियों के नाम बताइये।

(x) 'समुद्रगुप्त पराक्रमांक' किस प्रकार की एकांकी है ?

(xi) छायावाद काल की काल-सीमा लिखें।

(xii) 'अज्ञेय' किस काव्यधारा के प्रतिनिधि कवि रहे हैं ?

(xiii) भारतेन्दु युग के दो कवियों के नाम लिखें।

(xiv) द्विवेदी युग का नामकरण किस साहित्यकार के नाम पर हुआ ?

(xv) छायावाद के आधार-स्तम्भ चार कवियों के नाम लिखिये।

10